# रणजीत टाइम्स

इंदौर

बुधवार, 16 जुलाई, 2025

वर्ष 01 | अंक 178 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## जनसुनवाई में 109 आवेदन प्राप्त



शाजापुर । मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आज संपन्न हुई जनसुनवाई में 109 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने की। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री बीएस सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले ने भी जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद।

## आलिया की मौत में दोषी अधिकारियों पर हो एफआईआर - रियाजुद्दीन शेख जिला सदर



### कलेक्टर कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर परिवार के लिए आर्थिक सहायता राशि की मांग की

खरगोन । ।संजय नगर में एक बच्ची की कुत्ते के हमले में हुई मौत के बाद स्थानीय निवासियों में गहरा रोष है। इस हृदय विदारक घटना के विरोध में रियाजुद्दीन शेख सदर जिला मुस्लिम कमेटी ओर वारिस चौबे पार्षद ओर गणमान्य नागरिकों ने कलेक्टर कार्यालय और नगर पालिका पर धरना प्रदर्शन किया। शहर में लगातार बढ़ रहे आवारा कुत्तों के आतंक पर अंकुश लगाने में प्रशासन की विफलता को लेकर अपना गुस्सा व्यक्त कर रहे थे। 20 दिन पूर्व संजय नगर क्षेत्र में करीब 7 बच्चों पर कुत्ते ने हमला किया था जिसमें 4 वर्षीय बालिका आलिया पिता एजाज मंसुरी की कल मृत्यु हो गई जिससे समूचा समाज में गंभीर आक्रोश है इस घटना के बाद से क्षेत्र में भय का माहौल है और लोग अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। आज के धरना प्रदर्शन में शामिल रियाजुद्दीन शेख सदर जिला मुस्लिम कमेटी ओर वारिस चौबे पार्षद ने नगर पालिका पर आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने और उन्हें पकड़ने के लिए प्रभावी कदम न उठाने का आरोप लगाया। सदर शेख ने लापरवाही करने वाले अधिकारियो पर एफआईआर की मांग की है साथ ही आलिया का परिवार बहुत ही गरीब है जिसके लिए भी आर्थिक सहायता राशि की मांग की है सदर रियाजुद्दीन शेख ने बताया कि हमारी मांग पर कलेक्टर मैडम ने तत्काल 51000 की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कर परिवार के चेक सोपा है साथी जिला मुस्लिम कमेटी के सदर रियाजुद्दीन शेख ने भी मृतक बालिका आलिया के परिवार को 11000 नगद राशि देने का ऐलान किया । रियाजुद्दीन शेख सदर जिला मुस्लिम कमेटी ओर वारिस चौबे पार्षद की मुख्य मांगों में आवारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए तत्काल अभियान चलाये।

## खाद के नाम पर किसानों से धोखाधड़ी

कृषि विभाग की "दिखावे की" कार्रवाई पर सवाल।

खाद के नाम पर किसानों से धोखाधड़ी

कृषि विभाग की "दिखावे की" कार्रवाई पर सवाल

खरगोन । जिले में बीज के बाद अब खाद के काले कारोबार का बड़ा खुलासा हुआ है. खरगोन के पास मेनगांव में थाने के करीब कृषि विभाग की नाक के नीचे बिना किसी अनुमति के "जैविक" के नाम पर धड़ल्ले से कम्पोस्ट खाद का निर्माण और खुलेआम बेचान किया जा रहा था.। इस मामले में कृषि विभाग द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं, जिसे कई लोग केवल "दिखावे की" कार्रवाई बता रहे हैं। जिला मुख्यालय से 10 किमी दूर मेनगांव में खेत में नकली खाद की आशंका में खरगोन एसडीएम ओर कृषि विभाग की टीम ने जांच की है। इसमें 600 बोरी पैक और 50 बोरी खुला खाद मिला है। कृषि विभाग के बीएल भंवर कहना है कि मुंबई की एबीसी नामक कंपनी का खाद है। लकड़ी और मक्का जलाकर खाद बनाया जा रहा था। बिना अनुमति के खाद बनाई जा रही हैं। इसके मैनेजर रोहित मालवीया बीस्तन है। मौके पर तहसीलदार महेंद्र दांगी,आरआई विजय सुनहरे व पटवारी वीरेंद्र जोशी शामिल रहे। कृषि विभाग के बी एल भंवर ने बताया कि कुछ तथाकथित व्यापारी जैविक खाद के नाम पर किसानों को ठग रहे थे.ये लोग बिना किसी गुणवत्ता नियंत्रण या सरकारी अनुमति के कम्पोस्ट खाद तैयार कर उसे ऊंचे दामों पर बेच रहे थे। किसानों को यह कहकर गुमराह किया जा रहा था कि यह खाद उनकी फसलों के लिए अत्यंत लाभकारी है और पैदावार बढ़ाएगी.।

### कृषि विभाग पर उठते सवाल

इस अवैध कारोबार की जानकारी मिलने पर कृषि विभाग ओर एसडीएम ने सयुक्त रूप से मेनगांव में छापेमारी की गई और 600 बोरी पैक ओर 50 बोरी खुला खाद जब्त की गई । हालांकि, स्थानीय लोगों और किसानों का कहना है कि यह कार्रवाई मात्र औपचारिकता थी. उनका आरोप है कि कृषि विभाग को इस अवैध धंधे की जानकारी काफी समय से थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### किसानों की परेशानी

किसानों का कहना है कि उन्हें इस तरह की धोखाधड़ी से भारी नुकसान हो रहा है. वे अच्छी पैदावार की उम्मीद में महंगी खाद खरीदते हैं. लेकिन उसका कोई फायदा नहीं मिलता। इससे न केवल उनका पैसा बर्बाद होता है, बल्कि उनकी फसलों को भी नुकसान होता है।

### आगे क्या?

यह देखना होगा कि कृषि विभाग इस मामले में आगे क्या कार्रवाई करता है. क्या सिर्फ कुछ नमूनों की जब्ती तक ही बात रहेगी, या फिर इस काले कारोबार में शामिल बड़े मगरमच्छों पर भी शिकंजा कसा जाएगा? किसानों और आम जनता की मांग है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए

खरगोन । जिले में बीज के बाद अब खाद के काले कारोबार का बड़ा खुलासा हुआ है. खरगोन के पास मेनगांव में थाने के करीब कृषि विभाग की नाक के नीचे बिना किसी अनुमति के "जैविक" के नाम पर धड़ल्ले से कम्पोस्ट खाद का निर्माण और खुलेआम बेचान किया जा रहा था.। इस मामले में कृषि विभाग द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं, जिसे कई लोग केवल "दिखावे की" कार्रवाई बता रहे हैं। जिला मुख्यालय से 10 किमी दूर मेनगांव में खेत में नकली खाद की आशंका में खरगोन एसडीएम ओर कृषि





विभाग की टीम ने जांच की है। इसमें 600 बोरी पैक और 50 बोरी खुला खाद मिला है। कृषि विभाग के बीएल भंवर कहना है कि मुंबई की एबीसी नामक कंपनी का खाद है। लकड़ी और मक्का जलाकर खाद बनाया जा रहा था। बिना अनुमति के खाद बनाई जा रही हैं। इसके मैनेजर रोहित मालवीया बीस्तन है। मौके पर तहसीलदार महेंद्र दांगी,आरआई विजय सुनहरे व पटवारी वीरेंद्र जोशी शामिल रहे। कृषि विभाग के बी एल भंवर ने बताया कि कुछ तथाकथित व्यापारी जैविक खाद के नाम पर किसानों को ठग रहे थे.ये लोग बिना किसी गुणवत्ता नियंत्रण या सरकारी अनुमति के कम्पोस्ट खाद तैयार कर उसे ऊंचे दामों पर बेच रहे थे। किसानों को यह कहकर गुमराह किया जा रहा था कि यह खाद उनकी फसलों के लिए अत्यंत लाभकारी है और पैदावार बढ़ाएगी.।

### कृषि विभाग पर उठते सवाल

इस अवैध कारोबार की जानकारी मिलने पर कृषि विभाग ओर एसडीएम ने सयुक्त रूप से मेनगांव में छापेमारी की गई और 600 बोरी पैक ओर 50 बोरी खुला खाद जब्त की गई । हालांकि, स्थानीय लोगों और किसानों का कहना है कि यह कार्रवाई मात्र औपचारिकता थी. उनका आरोप है कि कृषि विभाग को इस अवैध धंधे की जानकारी काफी समय से थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### किसानों की परेशानी

किसानों का कहना है कि उन्हें इस तरह की धोखाधड़ी से भारी नुकसान हो रहा है. वे अच्छी पैदावार की उम्मीद में महंगी खाद खरीदते हैं. लेकिन उसका कोई फायदा नहीं मिलता। इससे न केवल उनका पैसा बर्बाद होता है, बल्कि उनकी फसलों को भी नुकसान होता है।

### आगे क्या?

यह देखना होगा कि कृषि विभाग इस मामले में आगे क्या कार्रवाई करता है. क्या सिर्फ कुछ नमूनों की जब्ती तक ही बात रहेगी, या फिर इस काले कारोबार में शामिल बड़े मगरमच्छों पर भी शिकंजा कसा जाएगा? किसानों और आम जनता की मांग है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## महाराष्ट्र चर्मकार समाज इंदौर के भवन में औद्योगिक गतिविधियों के संचालन से समाज परेशान

इंदौर। इंदौर महाराष्ट्र चर्मकार समाज इंदौर का भवन जो की मल्हार सदन हरसिद्धि इंदौर में स्थित है भवन में पूर्व अध्यक्ष व कार्यकारिणी द्वारा समाज भवन के तल घर में व्यवसायिक व गोडाउन कार्य हेतु दुकान को किराए पर दिया था लेकिन पावर हाउस द्वारा नियमों के विपरीत इन्हें 30 किलो वाट का कनेक्शन दिया गया जिसमें दुकान क्रमांक 1 से 18 तक प्लास्टिक का निर्माण किया जा रहा है देश-प्रदेश भर में घटना होने के कारण कल त ल घर में किसी भी औद्योगिक गतिविधियों के संचालक पर रोक लगा दी गई है लेकिन बावजूद इसके हरसिद्धि मल्हार सदन के तल घर में नियमों का दुरुपयोग कर कारखाने को संचालित किया जा रहा है इसकी शिकायत हमने कई बार कलेक्टर कार्यालय महापौर कार्यालय संभवयुक्त कार्यालय विद्युत विभाग पोलो ग्राउंड को भी की लेकिन आज तक जिम्मेदार द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई।

# एसीपी ट्रैफिक इंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में सरोजिनी नगर में अवैध अतिक्रमण अभियान चलाया गया

### अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात को सुगम बनाना और आम जनता को सुरक्षित और सुगम आवागमन प्रदान करना, एसीपी इंद्रपाल सिंह

राजधानी लखनऊ में अवैध अतिक्रमण का सिलसिला काफी तादात में है. इसकी वजह है कि छोटे-छोटे दुकानदार रोडो पर फुटपाथों पर चारों तरफ से घेर कर रखे कर हुए हैं जिसकी वजह से भीषण जाम लग रहा हैं लोगों को पैदल चलना मुश्किल पड़ रहा है और आए दिन इन अवैध अतिक्रमणों की वजह से दुर्घटनाएं हो रही है कमिश्नरेट लखनऊ के आदेशानुसार सरोजिनी नगर क्षेत्र में डीसीपी ट्रैफिक के दिशा निर्देशन में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान शहीद पथ से लेकर नादरगंज तक सड़कों और फुटपाथों पर किए गए अवैध कब्जों को लेकर चलाया गया- अभियान में एसीपी ट्रैफिक इंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में सरोजनी नगर थाना प्रभारी राजदेव राम प्रजापति टी आई देवेश साही, नादरगंज टी एस आई दुर्ग विजय राय, असलम खा, शहीद पथ टी एस आई धर्मेंद्र कुमार मौर्या व पुलिस बल के साथ शहीद पथ से लेकर अमौसी मेट्रो स्टेशन से नादरगंज तक सड़कों और फुटपाथों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गय।

एसीपी ट्रैफिक इंद्रपाल सिंह ने बताया अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात को सुगम बनाना और आम जनता को सुरक्षित और सुगम आवागमन प्रदान करना अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई के दौरान, पुलिस ने दुकानदार अल्टीमेटम दिया सड़क किनारे , फुटपाथ पर ठेला , खोमचा की कोई भी दुकान नहीं लगेगी भविष्य में सड़क किनारे दूकान मिलती है तो उसका सामान जब्त कर मुकदमा दर्ज कराया



जाएगा. नो पार्किंग एरिया में खड़े वाहनों का चालान किया गया. चौराहा से 100 मीटर तक कोई भी वाहन टेम्पो, ई रिक्शा खड़ा नही होगा।

## राजीनामा के लिए बना रहे दबाब, जान से मारने की दी धमकी, एसपी को पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

**विनोद सिकरवार**






शिवपुरीः शहर के पत्रकारों ने आज एसपी को ज्ञापन सौंपकर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की हैं : बता दें की 12 जुलाई 2025 को दोपहर डेढ़ बजे पारस जैन गुरूद्वारे की दुकान पर रानू योगी निवासी तारकेश्वरी कॉलोनी ने पत्रकार ऋषि गोस्वामी की मारपीट कर दी जिसकी शिकायत देहात थाने में दर्ज कराई गई. उसके बाद आरोपी और आरोपी के पिता पत्रकार के ऑफिस पर आकर राजीनामा करने के लिए दबाब बना रहे थे. राजीनामा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे थे समस्त पत्रकारों ने आज एसपी को ज्ञापन सौंपकर मांग की हैं की आरोपी एफआईआर के बाद से खुल्लेआम घूम रहा है और राजीनामा करने के लिए दबाब बना रहा है राजीनामा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी मिल रहीं है. इसलिए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की है।

## थाना पिछोर पुलिस व्दारा वारदात करने की नियत से घूम रहे आरोपी प्रथुम्म अहिरवार को चोरी की मोटर सायकल समेत एक 315 बोर के देशी कट्टे मय जिण्दा राउण्ड के साथ गिरफ्तार किया

**ऋषि गोस्वामी**

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले के निर्देशन में एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अवैध हथियारों के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत दिनांक 14.07.25 को मुखबिर की सूचना पर से थाना पुलिस व्दारा आरोपी प्रथुम्म पुत्र राजाराम अहिरवार उम्र 26 साल निवासी ग्राम सेमई थाना धीरपुरा जिला दतिया के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा व एक जिन्दा राउण्ड, एक अपाचे मो.सा. विना नम्वर की जप्त की गयी आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूध थाना पिछोर पर अपराध क्र. 396/25 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। जप्त सुदा मो.सा. की तस्दीक करने पर मो.सा. थाना माधौगंज जिला ग्वालियर के अपराध क्र. 198/25 धारा 303 (2) बीएनएस में चोरी की होना पाई गयी । जिसकी सूचना सम्वधित थाने को दी गयी है । गिरफ्तार सुदा आरोपी को जे आर पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।







सराहनीय भूमिका - थाना प्रभारी निरी. जितेन्द्र सिंह मावई, चौकी प्रभारी हिम्मतपुर उनि संजय लोधी, आर 130 अंकित सिंह, आर. रामअवतार, सैनिकि राहुल भार्गव, सैनिक सिरनाम लोधी की सराहनीय भूमिका रही।



उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालय के पूर्व अध्यक्ष,एवम् जायंट इंटरनेशनल फेड 7 के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री पदमाकर शुक्ला (पी के शुक्ला) अभिभाषक का आकस्मिक निधन हो गया हे। शवयात्रा दिनांक 16/07/2025 को निवास AH 5, सुखलिया, बापट चौराहा,इंदौर से सयाजी मुक्तिधाम इंदौर पर सुबह 9.30 बजे जावेगी।।

शोकाकुल

**श्रीमती मंजुला शुक्ला, अपूर्वा शुक्ला,आशुतोष शुक्ला,अपर्णा शुक्ला, श्रीमती सोनाली शुक्ला।अभिभाषकगण।।एवम शुक्ला परिवार।।**

## नशा मुक्ति रैली: रामकृष्ण मिशन स्कूल के छात्रों ने जगाई अलख

राजेश धाकड़




इंदौर, मल्हारगंज थाना क्षेत्र में आज नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायी पहल देखने को मिली। रामकृष्ण मिशन स्कूल, किला मैदान रोड के छात्र-छात्राओं द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें उन्होंने आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और नशामुक्त समाज की आवश्यकता पर बल दिया। छात्रों ने किला मैदान और अग्रसेन नगर क्षेत्रों में रैली के माध्यम से नशे के खिलाफ नारों के साथ जनमानस को जागृत किया। उन्होंने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर लोगों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। साथ ही उपस्थित लोगों को यह संकल्प भी दिलाया गया कि वे स्वयं तथा अपने परिवारजनों को नशे से दूर रखने का संकल्प लें और समाज को एक सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाएं

थाना मल्हारगंज पुलिस और स्कूल प्रशासन की सक्रिय सहभागिता से यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पुलिस अधिकारियों ने इस अवसर पर बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे छोटे-छोटे प्रयास समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकगण, अभिभावक और पुलिस स्टाफ भी मौजूद रहे। सभी ने छात्रों की इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना की और उन्हें समाज सुधार की दिशा में प्रेरक कदम बताया।

# पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा "नशे से दूरी,हैं जरूरी"







नशा मुक्ति जन जागृति अभियान दिनांक 15 जुलाई 25 से 30 जुलाई 25 तक चलाया जा रहा है, उक्त अभियान के तहत आज दिनांक 15 जुलाई 2025 को आदरणीय श्री कैलाश मकवाना, पुलिस महानिदेशक महोदय, मध्य प्रदेश के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नारकोटिक्स) श्रीमान् के पी वेंकटेश्वर राव जी के मार्गदर्शन तथा पुलिस उप महानिरीक्षक (नारकोटिक्स) श्रीमान् महेश चंद जी जैन के नेतृत्व में मध्यप्रदेश पुलिस की नारकोटिक्स विंग इंदौर द्वारा ओ.पी. जायसवाल फिजिकल निःशुल्क सेन्टर, इन्दौर के सहयोग से पुलिस व सेना में भर्ती होने का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 285 युवा वर्ग ने चिमनबाग मैदान से पुलिस लाईन चैराहा, नावेल्टी मार्केट नगर निगम चैराहो मुख्य मार्गो पर नशे के दूष्परिणाम को तखतियो के माध्यम से प्रदर्शित करते नारे व स्लोगन के द्वारा अभिव्यक्त किया। सभी युवा वर्ग को नशामुक्ति की शपथ सामुहित तोर से ली गई। इस भव्य रैली का आयोजन में श्री ओ.पी. जायसवाल व श्री दिपक शर्मा योग मित्र के विशेष सहयोग से श्री संतोष हाड़ा, उ.पु.अ., श्रीमती प्रीति तिवारी, उ.पु.अ., श्रीमती राधा जामोद, निरीक्षक, अजय शर्मा, उप निरीक्षक, मुकेश चैहान एवं सुरेश हिरवे उपस्थित रहे।

# पुष्प वर्षा से कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत




बजरंग दल सनातन प्रेमियों द्वारा भव्य कावड़ यात्रा इंदौर से महाकाल निकाली गई। कावड़ यात्रा का मुख्य मार्गों में जगह जगह पुष्प वर्षा कर भोले नाथ के भक्तो का भव्य स्वागत क्षत्रिय नायक समाज युवा संगठन जिला इंदौर के तत्वाधान में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल इंदौर विभाग द्वारा आयोजित कावड़ यात्रियों का स्वागत एवं केले प्रसादी एवं जल वितरण किया गया हर हर महादेव इंदौर जिला अध्यक्ष, जितेंद्र पवार, योगेश चौहान, रवि नायक इंदौर नगर अध्यक्ष रोहन नायक द्वारा किया गया। कावड़ यात्रा में सैकड़ो भक्त कन्धो में कावड़ लिए शिव मन्दिर से पूजा अर्चना कर महाकाल मन्दिर के लिए रवाना हुए। कावड़ यात्रा में भोले बाबा की भव्य झांकी नृत्य – गीत करते हुए भक्तो तथा नगरवासियो का मन मोह रही थी।

**यमन में हत्या के मामले में दोषी ठहराई गई भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को 16 जुलाई को फांसी दी जानी थी. लेकिन भारत सरकार की पहल के बीच अभी के लिए फांसी टाल दी गई है.**



# रणजीत टाइम्स सफलता के 10 गौरवपूर्ण वर्ष

## प्रिय पत्रकार साथियों

आप सभी के विश्वास, निष्ठा और सहयोग से रणजीत टाइम्स ने पत्रकारिता की दुनिया में 10 वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह सिर्फ़ एक अख़बार की सफलता नहीं, बल्कि सत्य, साहस और समाज के साथ खड़े होने वाले हर पत्रकार की विजयगाथा है। इसी अवसर पर हम इस वर्ष दीपावली पर रणजीत टाइम्स की वार्षिक पत्रिका – "रणवाणी 2025" प्रकाशित करने जा रहे हैं, जो हमारे पूरे वर्ष की उपलब्धियों, खबरों, विचारों और संघर्षों का दस्तावेज़ होगी।

आपसे आग्रह है कि आप भी इसमें अपने लेख, अनुभव, विश्लेषण, संस्मरण या क्षेत्रीय समाचार भेजकर अपनी भूमिका दर्ज करें। यह पत्रिका हम सबकी साझी आवाज बनेगी। क्योंकि 10 साल केवल एक संख्या नहीं है — यह पत्रकारिता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, जनविश्वास और निर्भीकता का प्रतीक है। आप सभी का हार्दिक आभार और अभिनंदन इस यात्रा में आपका साथ ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी रहा है।

आपका साथी, गोपल गावंडे
संपादक – रणजीत टाइम्स

# साक्षी स्वरूप होना आध्यात्मिक उत्थान की उच्च अवस्था है

सहज योग संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी के अनुसार श्री कृष्ण जो हमारे शरीर में विशुद्धि चक्र के स्वामी हैं, श्री विष्णु शक्ति का पूर्ण अवतार हैं। भगवान श्री कृष्ण का मुख्य संदेश है साक्षीभाव की जागृति। यह संदेश जितना सरल दिखाई देता है उतना ही कठिन है। एक आत्मज्ञानी व्यक्ति ही इस संदेश की गूढ़ता को सही रूप में समझ सकता है। जब तक व्यक्ति को आत्मा का ज्ञान नहीं होता वह मस्तिष्क पर नियंत्रण नहीं कर सकता, और हमारा मस्तिष्क सोचता चला जाता है तथा अपने चारों ओर माया का फंदा बनाता जाता है और उसमें स्वयं ही फंसता जाता है। इस प्रकार हम साक्षी स्वरुप होने के भाव से कोसों दूर हो जाते हैं।



श्री माताजी के अनुसार, "यह सब खेल है अर्थात हमें इस नाटक का दर्शक बनना है, माया में हमें खो नहीं जाना है। आप यदि दर्शक हैं तो माया और उसकी कार्यशैली को देख सकते हैं।" इस साक्षी भाव को विकसित करने के लिए श्री माताजी ने हमें प्रतिक्रिया ना करने का मार्ग सुझाया है। आज के दौर में जब हम तमाम सोशल प्लेटफॉर्म्स से जुड़े हुए हैं छोटी-छोटी बातों या घटनाओं पर तीव्र प्रतिक्रिया करना हम अपना अधिकार मान बैठे हैं। प्रतिक्रियाओं के द्वारा हम अपने मन को इतना उलझा देते हैं कि हमारी निर्णय करने की शक्ति क्षीण हो जाती है।

श्री माताजी के अनुसार, "मनुष्य प्रतिक्रिया तभी करता है जब उसका परमात्मा से संबंध विच्छेद हो जाता है।"

श्री माताजी के समक्ष जब आप आत्म साक्षात्कार को प्राप्त कर लेते हैं तब आप परमात्मा की परम चैतन्यता को अनुभव कर पाते हैं और साक्षी भाव को भी प्राप्त कर लेते हैं। श्री माताजी कहती हैं कि बिना बोले, बिना कुछ कहे साक्षी अवस्था में आप शक्तिशाली हो जाते हैं तथा अनेक समस्याओं को सहज ही सुलझा पाते हैं। साक्षी अवस्था मानसिक स्थिति नहीं है अपितु यह आध्यात्मिक उत्थान की अवस्था है। एक बार जब आप बाह्य चीजों के प्रति प्रतिक्रिया करना बंद कर देते हैं तो अंतस में प्रतिक्रिया होती है और अंतर्दर्शन प्रारंभ हो जाता है।

साक्षी अवस्था में रहने वाले लोगों में कई रोचक परिवर्तन दिखाई देने लगते हैं उनकी स्मरण शक्ति का ह्रास कम हो जाता है, वे हर देखी हुई चीज की बारीकियों को बता सकते हैं, समस्याओं के सही समाधान ढूंढने में सक्षम हो जाते हैं, माया का प्रभाव ऐसे व्यक्तियों पर नहीं होता तथा वे सदैव आनंद की स्थिति में रहते हैं। आनंद की साक्षी अवस्था को प्राप्त करने हेतु सहज योग महत्वपूर्ण माध्यम है। अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी आप टोल फ्री नंबर 18700 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

# राम कथा में कर्म की महत्ता पर हुआ गूढ़ विवेचन बताया गया कि कर्म प्रधान हैं





महू,भट्टे सरकार बालाजी मंदिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा के छठे दिवस पर मुख्य जजमान चतुर्भुज प्रजापति विधि विधान से पूजा अर्चना की गई उसके पश्चात संगीतमय संध्या में युवाचार्य श्री अभिषेक कृष्ण जी महाराज ने श्रद्धालु भक्तों को कर्म की गूढ़ता का भावपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने राजा दशरथ और श्रवण कुमार की कथा का उदाहरण देते हुए बताया कि "कर्म प्रधान है — जो भी कर्म हम करते हैं, वह लौटकर हमारे पास अवश्य आता है।" उन्होंने कहा कि जब भगवान श्रीराम को वनवास मिला, तब राजा दशरथ को अपने पूर्वजन्म के पाप का स्मरण हुआ, जब उन्होंने अज्ञानवश श्रवण कुमार को तीर मार दिया था। श्रवण के अंधे माता-पिता को जब यह समाचार मिला, तो उन्होंने पुत्र शोक में प्राण त्याग दिए। उसी पाप का फल दशरथ को राम-वियोग के रूप में भोगना पड़ा। युवाचार्य जी ने भावपूर्ण शैली में कहा, "जैसे हजारों गायों के बीच बछड़ा अपनी मां को ढूंढ लेता है, वैसे ही कर्म भी अपने कर्ता को खोज ही लेता है।"

इस अवसर पर राम के वनगमन एवं केवट चरित्र का भक्तिपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा। कथा पंडाल श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रहा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन कथा श्रवण के लिए उपस्थित रहे। कथा के उपरांत रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें भक्तों ने श्रद्धा भाव से भाग लिया और 'जय श्रीराम' के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। भक्तगणों की अपार उपस्थिति ने यह प्रमाणित किया कि रामकथा न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि जीवन मूल्य और आत्मचिंतन का दर्पण भी है।

रणजीत टाइम्स 05
इंदौर, बुधवार 16 जुलाई 2025

# पर्यावरण संरक्षण की ओर एक कदम

## विजयवर्गीय समाज ने महू में किया वृक्षारोपण

### अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य समाज के आह्वान पर संपूर्ण भारतवर्ष में पौधारोपण अभियान






रवि धीमान
989370126

महू,रविवार को संपूर्ण भारतवर्ष में पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य समाज के राष्ट्रीय आह्वान पर एक महत्त्वपूर्ण पहल करते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पर्यावरणीय अभियान के अंतर्गत देश के विभिन्न हिस्सों में समाज के सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया। इसी कड़ी में महू नगर में भी विजयवर्गीय समाज द्वारा स्थानीय स्तर पर वृक्षारोपण किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवाओं व बच्चों ने सक्रिय सहभागिता की। महू के केशव पार्क और श्रीराम कॉलोनी गार्डन (गुर्जरखेड़ा) में पौधारोपण का आयोजन किया गया, जहां विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। आयोजन का उद्देश्य न केवल हरियाली बढ़ाना था, बल्कि जनमानस को पर्यावरण के प्रति सजग करना भी था। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य अशोक विजयवर्गीय, हरिशंकर विजयवर्गीय, गोपाल मोदी, विजय कुमार विजयवर्गीय, परमेंद्र विजयवर्गीय, विनीत विजयवर्गीय, अंकित विजयवर्गीय, राजू विजयवर्गीय, विशाल विजयवर्गीय, गौरव मोदी, मीना विजयवर्गीय, विमल विजयवर्गीय, ब्रिजलता विजयवर्गीय, अनीता मोदी, वर्षा मोदी, श्वेता विजयवर्गीय, स्वाति विजयवर्गीय, प्रियंका विजयवर्गीय, प्रतीक्षा विजयवर्गीय तथा शिल्पा विजयवर्गीय सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। पौधारोपण के दौरान उपस्थित सदस्यों ने पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने हेतु वृक्षों के संरक्षण का संदेश दिया। समाज के लोगों ने एक स्वर में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों को नियमित रूप से जारी रखा जाएगा, जिससे न केवल पर्यावरण संतुलन बना रहे, बल्कि सामाजिक एकता और जिम्मेदारी का भी विकास हो। वृक्षारोपण के पश्चात जल पिलाकर पौधों को संरक्षण की दिशा में प्रथम कदम उठाया गया तथा पौधों की नियमित देखरेख हेतु समाज के सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियाँ तय कीं। अंत में आयोजन के संयोजकों ने सभी सहभागीजन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा हर व्यक्ति का नैतिक दायित्व है और यदि समाज साथ आ जाए तो यह कार्य और भी प्रभावी हो जाता है।

### महू पत्रकार संघ की नई कार्यकारिणी गठित

# विजय खंडेलवाल पुनः अध्यक्ष नियुक्त, अध्यक्षीय उद्बोधन में पत्रकारों की एकजुटता व सामाजिक दायित्वों पर दिया बल










महू,स्थानीय डाक बंगले में रविवार प्रातः 11:30 बजे महू पत्रकार संघ की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्ष विजय खंडेलवाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सर्वसम्मति से आगामी दो वर्षों के लिए पत्रकार संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमेंअध्यक्ष विजय खंडेलवाल ,सचिव राजेंद्र चौहान, (राजा)'उपाध्यक्ष विजय कुमार विजयवर्गीय, एवं साजिद अली कुरेशी, सह सचिव संजय वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश स्वामी, कार्यकारिणी सदस्य रवी धीमान, वहीं संरक्षक मंडल में चंद्रप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश ढोली एवं विजय पाटीदार को बनाया गया, जबकि मार्गदर्शक मंडल में रामलाल प्रजापति, सत्यनारायण ठाकुर एवं मिलिंद मजूमदार को शामिल किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार संदीप शर्मा, जेपी धर्म एवं राजेश शर्मा रंजीत स्वामी को पत्रकार संघ की सदस्यता दी गई। सदस्यता अभियान के तहत 14 नए पत्रकारों के आवेदन प्राप्त हुए थे जिस पर विचार कर चार सदस्यों को सदस्यता दी तीन होल्ड पर रखे गए बाकी को रद्द कर दिया गया सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं नए सदस्यों का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया

पुनः अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर विजय खंडेलवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी साथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा, यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों का विषय है कि पत्रकार साथियों ने मुझे पुनः सेवा का अवसर प्रदान किया। पत्रकारिता सिर्फ समाचार देना नहीं है, यह समाज का आईना है और पत्रकार उसका सजग प्रहरी। महू पत्रकार संघ हमेशा से पत्रकारों के हितों, उनके सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देता रहा है। हमारे पिछले कार्यकाल में स्वास्थ्य शिविर, पत्रकार सम्मान समारोह, सहायता कार्यक्रम जैसे कई रचनात्मक कार्य किए गए, जिन्हें आगे और बेहतर विस्तार दिया जाएगा।"

विजय खंडेलवाल ने पत्रकारों से अपील की कि वे एकजुट रहकर निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता को बढ़ावा दें। उन्होंने यह भी कहा कि संघ न केवल पत्रकार हितों की रक्षा करेगा, बल्कि समाज के प्रति अपनी भूमिका को भी पूरी निष्ठा से निभाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि संघ के सदस्यों के लिए पत्रकारिता संबंधी कार्यशालाएं, मीडिया कानून की जानकारी, फील्ड रिपोर्टिंग पर प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि सभी पत्रकार अपने कार्य में दक्षता प्राप्त करें।

बैठक का कुशल संचालन नवनियुक्त सचिव राजेंद्र चौहान 'राजा' ने किया। उन्होंने सभी सदस्यों के सुझावों पर गंभीरता से विचार कर बैठक को सराहनीय रूप से संपन्न किया। बैठक का समापन संघ की एकता, सक्रियता और समाज में सकारात्मक योगदान की प्रतिबद्धता के संकल्प के साथ संपन्न हुई इस अवसर पर अशोक दीक्षित, प्रति कौशल, सोनू सौदागर, संजय वेद ,हिमांशु' सीरॉय, आकाश कोहली, अनिल निनमा, उमेश शर्मा ,आदि अनेक पत्रकार उपस्थित थे।

# लगातार 11वें वर्ष ॐकार सेवा मंडल का लगेगा लंगर



**रणजीत टाइम्स**

नरसिंहगढ़ । प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ॐकार सेवा मंडल के द्वारा बाबा गोप चौहान हनुमान मंदिर पर ॐकारा सेवा मंडल द्वारा सावन सोमवार पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशाल लंगर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सेवा मंडल के द्वारा लगातार 11वीं बार किया जा रहा है। इसी तत्वधान में बाबा गोप चौहान मंदिर पर वार्षिक बैठक रखी गई। जिसमें लंगर के सहित अन्य कार्यक्रमों की व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। साथ ही बीते वर्ष हुए आय व्यय को भी सभी के समक्ष रखा गया। ॐकार सेवा मंडल के द्वारा लंगर के अलावा पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए पौधा रोपण के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए थे। इस बार ॐकार सेवा मंडल में एक भव्य झांकी का आयोजन करने पर भी सहमति बनी है। झांकी में इस्तेमाल की जाने वाली पक्की मूर्तियों को महाकाल लोक की तर्ज पर नरसिंहगढ़ के किसी मंदिर या धार्मिक स्थान पर सुरक्षित रखने पर भी विचार किया गया ताकि आने जाने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र भी बना रहे। साथ ही मंडल के सदस्यों ने जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर नरसिंहगढ़ में महादेव लोक बनाने के लिए भी अनुरोध करने पर विचार किया है क्योंकि नरसिंहगढ़ पर्यटन के साथ-साथ धार्मिक दृष्टि से भी अपना महत्व रखता है जहां सैकड़ो वर्ष पुराने मंदिर आज भी अवस्थित है।

# नशे से दूरी है जरूरी-जन जागरूकता

## अभियान के तहत खेतिया में निकली रैली

**रणजीत टाइम्स**

खेतिया । नशे से आज़ादी,, जीवन मे ख़ुशहाली, नशे से दूरी है जरूरी नारों के साथ मप्र पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आयुष अलावा के मार्गदर्शन में नगर निरीक्षक सुरेंद्र कनेश के नेतृत्व में जन जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई जिसमें शहर के गणमान्य नागरिको,विद्यालय के छात्र छात्राओं, शिक्षकों,विभिन्न समाजजनों की उपस्थिति में रैली शहर के गाँधी चौक,सुभाष चौक,बेरियर चौक,से होकर रविन्द्र नाथ टैगोर चौक पर नशा न करने नशे से दूर रहने के संकल्प के साथ सम्पन्न हुई।

रैली में छात्र छात्राएं नशे को छोड़ने ,दूर रहने के जोरशोर से नारे लगा रहे थे।बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां लिए थे,, नगर निरीक्षक सुरेंद्र कनेश ने सभी से नशे से दूर रहने की अपील की।रैली के दौरान उप निरीक्षक कमल चौहान,सहित पुलिसकर्मि भी उपस्थित रहें नगर निरीक्षक सुरेंद्र कनेश ने बताया कि पुलिस मुख्यालय, पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के पालन में आज निकली नशे से दूरी है जरूरी जागरूकता अभियान की रैली का साथ अपील है कि सभी नशे से दूरी बनाए।







# आजादी के बाद अब तक नहीं बन पाई सड़क

## ग्रामीण है सुविधा से वंचित कर रहे हैं सड़क की मांग

**रणजीत टाइम्स**

खेतिया । खेतिया के दूरस्थ ग्रामीण अंचल मल्फा से 3 किलोमीटर दूर ग्राम चिचवानी को जोड़ने वाली सड़क आजादी के बाद से अब तक नहीं बन पाई चल रही। तेज बारिश के बाद लगातार हो रही है परेशानियां, ज सड़क पर बड़े बड़े गढ्ढे, पसरा हुआ कीचड़ ,छोटे नाले अत्यधिक दुविधा से ग्रामीण अपने कार्यो के लिए व पढ़ने के लिए छात्र-छात्राओं को इसी मार्ग से मल्फा आना होता है विद्यालय आ रही छात्राओं का कहना है कि शासन में हमें साइकील जरूर दी है किंतु इतनी



खतरनाक सड़क पर चलने से कभी भी दुर्घटना का भय बना रहता है, ग्रामीणों का कहना है कि हमने हमारी उम्र में यह सड़क नहीं देखी बड़े मुश्किल से जैसे तैसे तकलीफ़ उठा कर हमें जाना पड़ता है ,मल्फा पहुंचना पड़ता है वहां से हमको सड़क की सुविधा मिलती है। शासन ने अपने स्तर पर अनेक सड़कों का निर्माण किया है मल्फा में बने नए विद्यालय से होकर जाने वाली इस सड़क का निर्माण कब होगा यह पता नही??? ग्रामीणों की मांग है सड़क का निर्माण शीघ्रता शीघ्र हो ताकि ग्रामीण को अपने आवागम में आसानी हो सके चिचवानी से मल्फा पढ़ने आ रही कक्षा11 वी की छात्राओं ने बारिश से भीगते हुए बताया कि हम कक्षा 9 से यहाँ पढ़ने आ रही है,3 किमी दूर गाँव से बारिश में कीचड़ व नाले के बीच से आते है,सरकार ने साईकल दी है पर सड़क ऐसी की दुर्घटना की सम्भवना बनी रहती है, गांव के ही गोपाल चौहान व ग्रामीणों का कहना है कि आज़ादी के बाद से यहां सड़क नही,बहुत मुश्किल होती है ,बारिश के दिनों में तकलीफ़ और बढ़ जाती है,कोई बीमारी हो तो परेशानी उठानी पड़ती है,कई बार मोटरसाइकिल से गिरे भी,बच्चों को स्कूल आने में तकलीफ़ हो रही,,सरकार को इस ओर ध्यान देकर गाँव की सड़क बनाना चाहिये,

# पुरुषार्थ के बिना सफलता नहीं मिल सकती - रत्न निधि म.सा.

## जैन आराधना भवन में उत्तराध्ययन सूत्र शास्त्र पर चल रहे प्रवचन

रणजीत टाइम्स

नलखेड़ा ।जीवन में विनय भाव आने के बाद आत्मा का कल्याण निश्चित है। यदि विनय भाव के गुण हमारे जीवन में नहीं होंगे तो हमारी आत्मा अर्हम की उपासना में अग्रसर नहीं हो सकती। हम परमात्मा को तो मानते हैं, लेकिन उनकी कहीं बातों को नहीं मानते हैं। बिना पुरुषार्थ के सफलता नहीं मिल सकती। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चातुर्मास हेतु विराजित

प.पू.प्रवर्तिनी महोदया श्री चन्द्रप्रभा श्री जी म.सा की सुशिष्या प.पू. रत्ननिधि श्री जी म.सा. ने मंगलवार को जैन आराधना भवन में उपस्थित समाजजनों के समक्ष उत्तराध्ययन सूत्र शास्त्र पर प्रवचन करते हुए यहाँ विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि आज हमें परमात्मा की वाणी पर विश्वास क्यों नहीं ? परमात्मा ने जो कहा है वहां हमें करना है, जो किया है वहां करना है लेकिन हम परमात्मा के बताएं मार्ग का अनुसरण न कर अपनी इच्छा




का करते हैं। साध्वीजी ने कहा कि जिनकी चेतना जागृत है, वहां दूसरों के द्वारा किए गए अपकार में भी उपकार को ढूंढ लेते हैं। विनय भाव के गुण यदि हमारे जीवन में है तो हमारी आत्मा अहम की उपासना में अग्रसर होकर केवल ज्ञान केवल दर्शन की प्राप्ति कर सकती है। इसके लिए हमें धर्म का पुरुषार्थ करना होगा बिना पुरुषार्थ के सफलता नहीं मिल सकती है। उन्होंने कहाकि चातुर्मास हमारी आत्मा के कल्याण के लिए सर्वश्रेष्ठ माध्यम है, चातुर्मास में प्रभु भक्ति या संसार की आशक्ति क्या चाहिए, यह हमें तय करना है। सांसारिक भौतिक सुखों के पीछे हम भाग रहे हैं, लेकिन इस संसार में सुख नहीं है। सुख चाहिए तो परमात्मा की आज्ञा को मानते हुए धर्म आराधना करें। जीवन में आशक्ति कम करोगे तो प्रभु भक्ति बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि देवी - देवता भी जिस मनुष्य भव को प्राप्त करने के लिए लालायित रहते हैं, ऐसा दुर्लभ मानव भव हमें प्राप्त हुआ है। इसी मनुष्य भव में परम पद (मोक्ष) की प्राप्ति की जा सकती है। इसलिए इस मनुष्य भव का सदुपयोग कर इसे धर्म तथा परोपकारी कार्यों में लगाएं। साध्वी पुण्य निधि म.सा. मैं कहा कि हमारे ऊपर मां, महात्मा, परमात्मा इन तीन का उपकार रहा है। मां का उपकार तो हम जीवन भर नहीं उतार सकते हैं। महात्मा हमें युवावस्था में संभालते तथा अच्छे संस्कारों से संस्कारित कर हमें अच्छे विचार देते हैं। गुरु ही है जो हमे परमात्मा तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करवाते हैं। वहीं परमात्मा हमें सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं, जो परमात्मा के मार्ग पर चलते हैं वहां भी एक दिन परमात्म पद की प्राप्ति कर सकते हैं। साध्वी मंडल के द्वारा प्रतिदिन प्रात 9:30 से 10:30 तक प्रवचन दिए जा रहें है। वही चातुर्मास काल के दौरान आपकी प्रेरणा व निश्रा में विभिन्न धर्म आराधनाएं एवं अनुष्ठान भी संपन्न करवाए जाएंगे।

# नाबालिक पुत्री के साथ अश्लील हरकत करने वाले पिता को 5 वर्ष का कारावास और जूर्माना

रणजीत टाइम्स

शाजापुर। न्यायालय श्रीमान तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश महोदय शुजालपुर द्वारा शुजालपुर तहसील क्षेत्र के आरोपी को धारा 354 भादवि में एक वर्ष सश्रम कारावास और 500 रूपये अर्थदण्ड, धारा 9(एन) सहपठित धारा 10 लैंगिक अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 में 5 वर्ष सश्रम कारावास और 1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । पीडिता को हुए मानसिक आघात के परिणाम स्वरूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पीडित प्रतिकार योजना के अंतर्गत 10000रूपये दिलवाये जाने का आदेश दिया गया । अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी श्री संजय मोरे शुजालपुर ने बताया की दिनांक 28/03/2024 को रात्री करीब 2 बजे पीडिता को लगा की उसके साथ कोई अश्लील हरकत कर रहा है तो उसने उठकर देखा तो उसके पिता ने उसके साथ अश्लील हरकत की, पीडिता घबराकर चिल्लाने लगी तो उसके पिता ने एक हाथ से उसका मुह दबाया और दुसरे हाथ से उसकी गर्दन पकड ली और कहा की किसी को बताया या पुलिस मे रिपोर्ट की तो तुझे व तेरी माँ को जान से खत्म कर दूंगा । पीडिता की आवाज सुनकर उसकी छोटी बहन उठ गई जिसको लेकर वह घर से भागकर ईट के ढेर के पिछे छिप गई उसे एक व्यक्ति आते हुए देखकर उससे फोन मांगकर उसकी मम्मी को फोन पर सारी बात बताई । मम्मी के पास साधन न होने से व रात होने से मम्मी उसके पास सुबह आई उसके बाद उसने थाने जाकर रिपोर्ट की थी । अभिलेख पर आई साक्ष्य एवं अभियोजन के तर्को से सहमत होकर न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया गया । उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी संजय मोरे अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी शुजालपुर द्वारा की गई । कोर्ट मे सहयोग कोर्ट मोहर्रिर धर्मेन्द्र राजपूत द्वारा किया गया ।

# संस्कारी बेटी होगी तो दो घरों को रोशन करेगी-संयतमुनिजी

रणजीत टाइम्स

नागदा जं.। आत्मशुद्धि चातुर्मास शुरू होते ही नगर में तपस्या की झड़ी लग रही है। पूज्य संयतमुनिजी म.सा. ने कहा कि व्यक्ति की पहचान केवल नाम से होती है उसका नाम और वजुद पहचान के लिये होता है। जीवन में संस्कार का होना जरूरी है। बेटी संस्कारी होगी तो वो दो घरों मायका एवं ससुराल का नाम रोशन करेगी। भगवान ने जितना ज्ञान दिया है, उतना कोई ग्रहण नहीं कर पाता। जीवन में जितना संतोष ज्ञान से होता है उतना धन से नहीं होता। कोई भी फल हो उपर से चाटने पर फीका ही लगता है भीतर से मीठा होता है। इसी प्रकार आगम की बातों को भीतर उतारने से जीवन सुधर जाता है। कितनी भी जरूरी या राज की बात केवल नजदीकी या अत्यंत विश्वास वालो को ही बताई जाती है। आदित्यमुनि जी म.सा. ने कहा कि भगवान पाप घटाने का बोलते है लोग पाप बढ़ाये ही जा रहे है। जैसे दीपावली पर पटाखे छोड़ने पर कितने जीवों की हिंसा होती है, ये छुपा नहीं है। इस जीव पर पदार्थो का परिचय बहुत किया पर जीव ने स्वयं का परिचय कभी नहीं किया। अरे मौका मिला है खोना नहीं, ये सफर चार दिन का है मोह की नींद में सोना नहीं। अर्द्धशतक याने 50 उपवास की उग्र तपस्या मुनिमजी रमेशचन्द्र तांतेड की गतिमान है। 7 उपवास शशी संजय गोखरू एवं श्रुति मुरड़िया के चल रहे है। 9 की लड़ी में 4 उपवास गुप्त है। अचलमुनिजी म.सा. के सांसारिक दादाजी प्रेमचन्द्र जी श्री श्रीमाल के 8 उपवास चल रहे है। धार्मिक प्रभावना का लाभ मुकेशकुमार प्रेमचन्द्र श्री श्रीमाल एवं अचलमुनिजी म.सा. के सांसारिक मासाजी-मासीजी ने लिया। आज दिनांक .16 जुलाई से सिद्धीतप की दिव्य तपस्या शुरू होगी। आतिथ्य सत्कार मनोज, राजेन्द्र, रितेश, अंकित चपलोत परिवार के द्वारा किया गया। संचालन सुरेन्द्र पितलिया ने किया एवं आभार अध्यक्ष आकाश वोरा ने माना।

# क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, द्वारा स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतू विषय परिवर्तन के लिए साक्षात्कार का आयोजन

रणजीत टाइम्स

खरगोन क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। यह साक्षात्कार 16 जुलाई 2025 को विश्वविद्यालय के यूटीडी परिसर, खरगोन में प्रातः 11:00 बजे से संपन्न होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में जिस विद्यार्थी के स्नातक स्तर पर मुख्य एवं गौन विषय थे केवल वही विद्यार्थी स्नातकोत्तर में प्रवेश हो सकते थे किन्तु उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अन्य विषयों में भी विद्यार्थी को स्नातकोत्तर में प्रवेश की पात्रता प्रदान की गयी हैं । इस हेतू विद्यार्थी को पात्रता हेतू निर्धारित समयसीमा में ऑनलाइन आवेदन करना होता हैं जिस आधार पर उनका साक्षात्कार लिया जा सकेगा। साक्षात्कार में शामिल विषयों में अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिंदी, इतिहास, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन, संस्कृत साहित्य, समाजशास्त्र, सोशल वर्क, जीव विज्ञानं, रसायन विज्ञान तथा वाणिज्य सम्मिलित हैं। इस साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को 16 जुलाई 2025 को दोपहर 11 बजे से पीएम श्री शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय खरगोन के अंतर्गत संचालित क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय की यूटीडी परिसर, खरगोन में उपस्थित रहने की अपील की गई है। छात्र अपने समस्त मूल दस्तावेज के साथ उपस्थिति सुनश्चित करेंगे। इस हेतू पांच जिले के समस्त महाविद्यालयों को सूचना दे दि गई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।




अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट अथवा संबंधित विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

# सावन के पहले सोमवार को क्षेत्र के प्रसिद्ध देव स्थान पर उमड़ी शिवभक्तों की भीड़



**रणजीत टाइम्स**

भगवानपुरा। क्षेत्र में श्रावण माह शुरू होते ही श्रद्धा भक्ति का दौर शुरू हो गया हैं। प्रसिद्ध शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ जुटने लग गई हैं। वनांचल के प्रसिद्ध सिरवेल महादेव में रविवार को श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को मिली। महाराष्ट्र सहित खरगोन जिले से बड़ी संख्या में शिवभक्त दर्शन के लिए पहुंचे। प्रशासन द्वारा नई लोहे की सीढ़ियां लगने महादेव दर्शन करना आसान हुआ हैं। पास ही स्थित प्राकृतिक झरना आने वाले हर शिवभक्तों को आकर्षित करता हैं। सावन के पहले सोमवार को सिरवेल महादेव में बड़ी तादाद में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी। वहीं मुख्यालय से तीन किमी दूर ऋषि मार्कण्डेय जी की तपोभूमि नन्हेंश्वर धाम में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का अलसुबह से तांता लगा रहा। यहां पर श्री हरिओम बाबाजी के सान्निध्य में सवा माह तक ओम नमः शिवाय का जाप चल रहा हैं। मोहना के महाकालेश्वर मंदिर में भी पूजा आराधना के लिए भक्तों की भीड़ लग रही हैं।

# शाजापुर शहरी क्षेत्र पर प्रस्तावित फोरलेन निर्माण के लिए अतिक्रमणों का चिन्हांकन कार्य प्रारम्भ

**रणजीत टाइम्स**

शाजापुर। शाजापुर शहरी क्षेत्र स्थित (ओल्ड एन.एच.-3 ए.बी.रोड) पर प्रस्तावित फोरलेन निर्माण कार्य की निविदा प्रक्रिया वर्तमान प्रचलन में है। लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कार्य के लिए सड़क के दोनों ओर कुल 52 फीट चौड़ाई निर्धारित की गई है। लोक निर्माण विभाग अनुविभागीय अधिकारी श्री विजय चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित चौड़ाई के अंतर्गत आने वाले अतिक्रमणों का चिन्हांकन कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। चिन्हित सीमा में आने वाले सभी अतिक्रमणों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। ताकि आगामी फोरलेन निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो एवं शहरी यातायात व्यवस्था का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

# भारत सरकार एवंभारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की जानकारी ग्रामीणों को दी



**रणजीत टाइम्स**

भगवानपुरा। मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा मंगलवार को नगर के आजीविका मिशन कार्यालय परिसर में वित्तीय साक्षरता को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारत सरकार एव भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई। लोगों को बैंक की प्रमुख योजनाए जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, जीवन ज्योति योजना, पशु पालन योजना सहित आदि मुख्य योजनाओं की जानकारी दी गईं। वहीं मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के विभिन्न उत्पादनों से नागरिकों को अवगत कराया गया। साथ ही आगे भी वित्तीय साक्षरता को लेकर शिविर लगाकर आमजन को प्रेरित करने की बात शाखा प्रबंधक द्वारा कही गईं। इस अवसर पर मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक तन्मय पंडित,गौतम पाटीदार, एनआरएलएम के बाबूलाल बड़ोंले,इंदर डावर, राकेश मंडलोई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स